हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 नवंबर 2025

07 सिरोंज में नेकी की दीवार फिर से शुरू एक बार




08 स्टाफ की कमी से जूझ रहे आरोग्यम केंद्र...






## खबर संक्षेप

### जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता द्वारा राजनैतिक दलों को नगरीय क्षेत्र की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची निशुल्क प्रदाय की जाकर प्रकाशन के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई।

### बैठक में गतिविधियों पर की विस्तार से चर्चा

**विदिशा।** एसएटीआई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति की बैठक वर्ष 2025-26 का आयोजन प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में नियमित एवं विशेष शिविर गतिविधियों की समीक्षा, आगामी सत्र की रूपरेखा, रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, गोद ग्राम चयन तथा एक दिवसीय शिविर की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अरविंद द्विवेदी, जयश्री बोराणा, राजकुमार प्रजापति, शैलेंद्र चौकसे, कार्यक्रम अधिकारी बृजेश प्रजापति एवं छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कुरवाई में शुरू हुआ जननायक कार्यक्रम

**विदिशा।** जननायक कार्यक्रम के तहत कुरवाई बस स्टैंड पर 22 से 24 नवंबर तक गोंड सभ्यता के महानायकों पर केंद्रित नृत्य-नाट्यों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 6:30 बजे होने वाले इस उत्सव का उद्देश्य गौरवशाली इतिहास को मंच पर जीवंत करना है। 22 नवंबर को रानी दुर्गावती के पराक्रम पर कार्यक्रम हुआ। आज राजा हीराखान सिंह के शौर्य और कल राजा पेमलशाह के जीवन पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किए जाएंगे। विभिन्न निर्देशकों और संगीतकारों द्वारा तैयार इन प्रस्तुतियों का पुनर्संयोजन आशीष पटेल तथा आलेख योगेश त्रिपाठी ने किया है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

### 100% सर्वेक्षण पूर्ण करने वाला केंद्र बना विलगोना

**विदिशा।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के अंतर्गत तहसील पठारी के मतदान केंद्र विलगोना मतदान केंद्र क्रमांक 194 में नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर मनोज अहिरवार द्वारा सभी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए गए हैं। निर्वाचन कार्य की समयसीमा का पालन करते हुए मतदाता सूची से संबंधित सभी प्रविष्टियों का सत्यापन, नाम विलोपन, संशोधन एवं नवीन मतदाताओं का पंजीकरण कार्य पूरी जिम्मेदारी से किया गया। प्रशासन ने इस कार्य की सराहना की है।

### 13 साल की बालिका को बीकानेर से बरामद किया

**विदिशा।** शमशाबाद पुलिस ने मात्र 20 दिनों में चौथी सफलता प्राप्त करते हुए अपहता 13 वर्षीय बालिका को राजस्थान के ग्राम किसनसर, थाना कालू, बीकानेर से सकुशल बरामद किया। 17 जनवरी को दर्ज अपहरण प्रकरण में पुलिस ने सतत प्रयास करते हुए आरोपी विक्की उर्फ विशाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। वर्ष 2025 में विदिशा पुलिस अब तक 339 से अधिक गुमशुदा एवं अपहता बच्चों को सुरक्षित परिजनों से मिलाने में सफल रही है।

### डॉ. जैन ने एएमआर के दुष्प्रभाव बताए

**विदिशा।** एंटीमाइक्रोबियल अवेयरनेस वीक के तहत 21 नवम्बर को माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम और विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया। मुख्य वक्ता डॉ. आरती जैन ने एएमआर के दुष्प्रभाव बताए। डॉ. अविनाश लाघवे व डॉ एमके जैन आदि विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक स्ट्यूअर्डशिप पर जोर देते हुए अहम जानकारी दी।

## धान काटने के बाद नरवाई फूंक रहे किसान

**विदिशा।** खेतों में धान की कटाई के बाद बची हुई नरवाई को किसान खेतों में ही जला रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है और कई किसानों पर कार्रवाई भी की गई है। विदिशा से मेहगांव जाने वाले रास्ते पर खेतों में रात के समय नरवाई जलती हुई दिखाई दे रही है। वहीं किसानों का कहना है कि नरवाई को जलाने के अलावा उनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है, क्योंकि अन्य किसी माध्यम से नरवाई खेतों से साफ करना उन्हे बहुत महंगा पड़ रहा है।



### प्रयास: रंगई मंदिर की चोरी का पता लगाने में जुटी पुलिस की कई टीमें

# चोर तक पहुंचने में पुलिस की 5 टीमें छान रहीं खाक, अब तक हाथ खाली

***मंगलवार-बुधवार की रात रंगई मंदिर में हुई चोरी का पता लगाने के लिए पुलिस के प्रयास तेज । पुलिस हर एंगल से जांच में जुटीं है।***

फॉरेंसिक टीम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट भी जुटे। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाश रही पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रंगई मंदिर पर हुई लाखों की चोरी का पता लगाने और चोर तक पहुंचने के लिए पुलिस जी तोड़ ताकत लगा रही है। चोर को पकड़ने के लिए पुलिस पांच अलग अलग एंगल पर काम कर रही है। पुलिस ने पांच तरह की टीमें बनाईं हैं। जिसमें फॉरेंसिक टीम अलग काम कर रही है। वहीं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट भी जुटे हुए हैं। इसके अलावा कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

पुलिस शहर में लगे हुई सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि थाना स्तर के अलग अलग अधिकारियों की टीमें बनाई गईं हैं। पुलिस के मुताबिक चोर ने चोरी से पहले मंदिर में पहुंचकर रेकी की है। उन्होंने बताया कि अक्सर ऐसे मामलों में चोर पहले दानपात्र में पैसा डालकर देखते हैं यदि आवाज आती है तो उन्हे पता चल जाता है कि दानपात्र खाली है। पैसे डलाने पर पता चल जाता है दानपात्र कितना भर चुका है। इसके बाद चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द चोर को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

- चोरी करने से पहले रैकी करने का अंदेशा।

### बस में बैठी महिला के बैग से सोने चांदी के आभूषण चोरी

**विदिशा।** स्वर्णकार कॉलोनी निवासी एक महिला के बैग से सोने चांदी के आभूषण चोरी हो गए। शुक्रवार सुबह स्वर्णकार कॉलोनी निवासी सरिता पाल सिरोंज जाने के लिए सुबह 9 बजे बस में बैठीं। उनके ससुर राजू पाल ने बैग बस में सामान रखने की जगह पर रखा। तभी एक 40 से 45 वर्षीय व्यक्ति ने कहा की बैग को सीट के नीचे रख दो। उसने ही बैग उठाया और सीट के नीचे रख दिया। कुछ देर बाद बैग सीट के नीचे रखवाले वाले व्यक्ति ने सरिता से कहा की यह सीट रिजर्व है। पीछे वाली सीट पर जाकर बैठ जाओ। बैग में उठाकर दे देता हूं। उसने एक दो सीट पीछे सरिता को बैठा दिया। सिरोंज जाकर सरिता ने बैग खोला तो जेवर गायब थे।

### बासौदा में आज रोड शो करेंगे मुख्यमंत्री

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बासौदा आएंगे। वहां यहां रोड शो भी करेंगे। एक दिन



पहले शनिवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का संयुक्त निरीक्षण कर सभी तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने पंडाल, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, मोबाइल शौचालय, चिकित्सा सहायता और एम्बुलेंस तैनाती जैसी आवश्यक सुविधाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक हरिसिंह रघुवंशी के साथ प्रशासन ने कृषि उपज मंडी में बनाए गए अस्थायी हेलीपैड और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रोड शो मार्ग का भी निरीक्षण किया। हेलीपैड सुरक्षा, अग्निशमन व स्वास्थ्य सेवाएं, संचार व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। रोड शो मार्ग पर बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन और साफ-सफाई की।

## लोडिंग वाहन में सामान चढ़ा रहा युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसा

### लोग बोले: जरुरत से ज्यादा नीचे से जा रही लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लटेरी में एक युवक हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया।

यह घटना आनंदपुर रोड पर सड़क किनारे हुई। घायल युवक की पहचान सुनखेर निवासी चंदू अहिरवार के रूप में हुई है। बताया गया कि चंदू एक लोडिंग वाहन में सामान रख रहा था, तभी वह अचानक हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। इससे उसके शरीर में तेज करंट दौड़ गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल युवक को लटेरी के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और बेहतर इलाज के लिए उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



### बिजली कंपनी के प्रति जताया आक्रोश

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी के प्रति रोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि सड़क किनारे से गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी नीचे है, जिससे अक्सर हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से लाइन को सुरक्षित करने और उचित कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, घायल युवक का विदिशा जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है।

## घर-घर पहुंचकर एसआईआर फॉर्म भरने जागरुक कर रहे विधायक मुकेश टंडन

**विदिशा।** निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत विधायक मुकेश टंडन ने शनिवार को वार्डों में पहुंचकर नागरिकों को सही तरीके से फॉर्म भरने और समय पर बीएलओ को जमा करने के लिए प्रेरित किया। सुबह उन्होंने बेसनगर मंडल के वार्ड-2, जतरापुरा क्षेत्र के बूथ 145 एवं 146 पर जनसंपर्क किया, वहीं संध्या समय दुर्गा नगर मंडल के वार्ड-29 के बूथ 193, 194 और 195 में नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने में परेशानी होने पर तुरंत बीएलओ से संपर्क करें। वार्ड भ्रमण के दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाह, सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर, पार्षद रामप्रसाद पासी, अंकित श्रीवास्तव, अन्नू पासी, विशाल जैन, प्रदीप लोधी, लियाकत खान व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर-घर गाय अभियान के तहत गोशालाओं का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने गो सिक्योरिटी फोर्स द्वारा संचालित गो हॉस्पिटल, विठ्ठलनगर स्थित पुरुषोत्तम निराश्रित गोशाला एवं गोपाल कृष्ण गोशाला पहुंचकर गोशालाओं की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गो सेवा के सम्मान में गो -रज संग्रहित की।

भोपाल से आए किसान मोर्चा जिला मंत्री रत्नेश सिंह, अक्षत सक्सेना, अमन, आदित्य राजपूत, देवांश मेहर और रोहित राजपूत का गो सेवा में सक्रिय योगदान के लिए



मंच से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर-हर गाय, घर-घर गाय की भावना को आगे बढ़ाते हुए सभी ने गो संरक्षण और सेवा कार्यों को निरंतर गति देने का संकल्प लिया। इस दौरान हिंद प्रहरी संगठन से जुड़े सौरभ सिंह राजपूत, राजाराम राजपूत, हर्ष कुशवाह, इशू सक्सेना, ओमवीर, शंकर सिंघानिया, मोहित यादव, जीत रघुवंशी और विवेक तिवारी मौजूद रहे।

### अप्रैल में गुम बालिका सात माह बाद मिली परिजनों को सौंप दिया

**विदिशा।** लटेरी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए गुम हुई नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर परिजनों से मिलाया। 3 अप्रैल को परिजनों ने थाना लटेरी में बालिका के घर से बिना बताए जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कि और बालिका की तलाश शुरू कर दी। बालिका की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। काफी प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने 20 नवंबर को बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे परिजनों के सुपुर्द किया।

## महीने से फाइलों में अटका प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

गरीब परिवारों को पक्की छत मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना शमशाबाद में काग़ज़ी कार्रवाई और नियमों की उलझनों में फंस गई है।

नगर परिषद क्षेत्र में प्राप्त 1156 ऑनलाइन आवेदनों में से लगभग 1000 आवेदन गरीब वर्ग के हितग्राहियों के हैं, लेकिन अधिकांश फाइलें पिछले 4 महीनों से जांच के नाम पर लंबित पड़ी हैं। सबसे बड़ी अड़चन उन संपत्तियों की है जो नगर की अवैध कॉलोनियों में आती हैं। जिन आवेदकों ने प्लॉट या मकान की रजिस्ट्री दस्तावेज़ जमा किए, उनमें से ज्यादातर संपत्तियों



पर अवैध कॉलोनी का ठप्पा लगा होने के कारण शासन ने आवेदन आगे बढ़ाने से रोक दिया है। वहीं पिता या भाई के नाम के पट्टों वाले आवेदन भी नियमों के तहत अमान्य कर दिए गए। नगर परिषद केवल 56 ऐसे आवेदनों को ही स्वीकृत कर सकी जिनके दस्तावेज हितग्राही के नाम पर सही पाए गए। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने स्वीकार किया कि योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा। उन्होंने कहा कि नियम इतने कठोर हैं कि गरीब पात्र होने के बावजूद लाभ से वंचित हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों से समाधान के लिए मार्गदर्शन लिया जा रहा है।

### कांग्रेस ने जड़े आरोप

कांग्रेस पार्षद कुलदीप रत्नाकर ने कहा कि शासन की कठोर नीति से गरीबों के साथ अन्याय हुआ है। 1156 में से 1000 गरीबों के आवेदन थे, लेकिन अवैध कॉलोनी के नाम पर सभी फाइलें रोक दी गईं। पात्र हितग्राही योजना से बाहर धकेल दिए गए। योजना से उम्मीद लगाए बैठे मजदूर वर्ग के हितग्राही निराश हैं। बबलू नाथ बताते हैं मेहनत से पैसा जोड़कर प्लाट खरीदा था। सोचा था पीएम आवास योजना से पक्का मकान बन जाएगा, पर शासन ने प्लॉट को अवैध बता दिया। अब लगता है कि मकान का सपना सपना ही रह गया।

## संयुक्त सचिव ने आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को महिला एवं बाल विकास के संयुक्त सचिव अजीत कुमार ने गंजबासौदा में आंगनबाड़ी केंद्र सनावल एवं गुलाबगंज तहसील के गूलरखेड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

संयुक्त सचिव अजीत कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में बच्चों से बात की। आंगनबाड़ी में बच्चों एवं महिलाओं को प्रदाय की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत पात्र 2 हितग्राही बच्चों से चर्चा। उनकी शिक्षा एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

जिला कार्यक्रम अधिकारी को दोनों बच्चों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण में शामिल करने कहा। इसके बाद संयुक्त सचिव ने यशोदा एडॉपशन सेंटर विदिशा का निरीक्षण किया। बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। संयुक्त सचिव द्वारा बालिका संप्रेक्षण गृह विदिशा की अधीक्षिका आकांक्षा मरावी से संप्रेक्षण गृह की बालिकाओं एवं उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने सखी सेंटर का निरीक्षण कर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों से भी चर्चा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा भी मौजूद रहीं।

### शिक्षक बीएलओ बनी, तीन दिन से स्कूल बंद

**विदिशा।** गर्ल्स स्कूल संकुल के अंतर्गत हाई रोड स्थित प्राथमिक शाला सिंधी शाला पिछले तीन दिनों से बंद है। यहां पदस्थ एकमात्र शिक्षिका को एसआईआर कार्य में बीएलओ सहायक नियुक्त किए जाने के कारण स्कूल में ताला लगा हुआ है,




जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। परीक्षाओं का समय भी आगे बढ़ गया है। शनिवार दोपहर संकुल प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला ने बताया कि शिक्षिका के एसआईआर ड्यूटी पर होने से असुविधा हुई है, लेकिन विद्यालय बंद न रहे इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है ताकि बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से चल सके।

## 100% डिजिटाइजेशन करने वाली तीन महिला बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन महिला बीएलओ अर्चना दांगी, लक्ष्मी राजपूत और रानी जाटव को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। पठारी तहसील के मतदान केंद्र खड़ाखेड़ी की बीएलओ अर्चना दांगी जिले की पहली महिला बीएलओ बनीं जिन्होंने 100% डिजिटाइजेशन पूरा किया। गोंडखेड़ी आंगनबाड़ी की बीएलओ लक्ष्मी राजपूत और भियांखेड़ी की बीएलओ एवं शिक्षक रानी जाटव ने भी डोर-टू-डोर सत्यापन कर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया।

### स्टेडियम में अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल की पलक ने जीता स्वर्ण

- कुलसुम ने 600 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला खेल परिसर में 'अस्मिता महिला खेल लीग' के अंतर्गत आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए।

खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और इंडियन एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर की लगभग 120 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विदिशा के विधायक मुकेश टंडन ने किया। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण भारतीय खेल प्राधिकरण के पर्यवेक्षक और पूर्व ओलंपियन अंकित शर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास महिला एथलेटिक्स को नई दिशा देते हैं। श्री शर्मा ने



**विदिशा।** स्कूल का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए।

बालिकाओं को नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल की छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया। अंडर-16 वर्ग की 60 मीटर स्प्रिंट प्रतियोगिता में पलक ने शानदार दौड़ लगाकर स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं अंडर-14 वर्ग में कुलसुम ने 600 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इसी वर्ग में उत्कर्षा ने ट्रायथलॉन स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। समापन पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और अतिथियों का आभार माना। स्कूल संचालक योगेंद्र राणा ने कहा कि 'अस्मिता लीग' ने जिले की बालिकाओं को प्रतिभा दिखाने का मंच दिया है और एसोसिएशन आगे भी ऐसे आयोजन को प्रोत्साहित करता रहेगा।

### न्याय मांगने एसपी के पास पहुंचा बंजारा परिवार

**विदिशा।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम वर्धा निवासी बिहारी लाल बंजारा शुक्रवार को अपने परिवार सहित एसपी कार्यालय पहुंचे और दबंगई व मारपीट की लिखित शिकायत दर्ज कराई। बिहारीलाल ने बताया कि सरपंच ने कुटीर आवंटन के एवज में 10 हजार की मांग की थी। राशि न देने पर सरपंच ने उनके ही दो सगे भाइयों को उनके खिलाफ भड़का दिया, जिसके बाद परिवार को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार गुरुवार शाम भी उनके साथ मारपीट की गई और वह जान बचाकर एक घर में छुपे, बाद में पुलिस की मदद से गांव से निकल पाए। उनके घर के पास स्थित कुआं भी जबरन कब्जा कर लिया गया है। एसपी से न्याय की मांग की गई है।




गंजबासौदा नगर में प्रथम
आगमन पर म.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री
मा. श्री डॉ. मोहन यादव जी
एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री, आदरणीय भाई सा.
मा. श्री शिवराजसिंह चौहान जी
का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन
निवेदक - श्रीमती शशि अनिल यादव जी अध्यक्ष - न.पा. परिषद, गंजबासौदा

शहरवासी एवं सामाजिक संगठनों से अपील आगे बढ़कर नेकी की दीवार में सहयोग करें

# सिरोंज में नेकी की दीवार फिर से शुरू एक बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

आज नगर पालिका परिषद सिरोंज के भवन के नीचे नेकी की दीवार का शुभारंभ हुआ शुभारंभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्षद तोषमणी पंथी जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने नेकी की दीवार का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने अपने स्वयं के खर्चे पर नेकी की दीवार में गरीब वृद्ध जनों के लिए असहाय लोगों के लिए ऊनी एवं अच्छे पहनने वाले कपड़ों को मंगाकर उस नेकी की दीवार में रखा गया और इस नेकी की दीवार का उद्देश्य है कि जो भी सक्षम परिवार है वह अपने उपयोग में ना आने वाले कपडे स्वयं अपनी मर्जी से यहां रख सकते हैं एवं जरुरत मंद लोग यहां आकर अपनी मर्जी से अपने दैनिक उपयोग में आने वाले कपडे चुनकर ले जा सकते हैं तथा इस मौके पर सिरोंज नगर वासियों से नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू एवं भाजपा नेत तोषमणी पंथी कन्ना ने अपील की है के जो लोग अपने दैनिक जीवन में उपयोग में ना आने वाले कपड़े एवं अन्य कोई सामग्री जो उपयोग में नही आती हो वह इस नेकी की दीवार में रख दें जिससे जरूरतमंद लोगों की जरूरत पूरी हो सकेगी सिरोंज नगर पालिका में नेकी की दीवार पिछले कई वर्षों से चल रही है जिसको




शासन प्रशासन की ओर से नेकी की दीवार नाम दिया गया था इसका सिरोंज में शुभारंभ पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया था उस समय बड़ी संख्या में गरीब असहाय लोगों को कपड़े एवं कंबल वितरित किए गए थे हर साल सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को ऊनी कपड़े एवं कंबल भी वितरित किए जाते हैं मेरे आदर्श के रूप में मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा एवं विधायक उमाकांत शर्मा मेरे आदर्श है। नगर पालिका परिषद सिरोंज के सी.एम.ओ. एवं वरिष्ठ समाज सेवी रामप्रकाष साहू ने कहॉ कि आज जो भी मै समाजसेवा का कार्य कर रहा हूँ मंत्री स्व. श्री लक्ष्मीकांत जी शर्मा विधायक उमाकांत शर्मा की ही देन है कि जो भी मैने सीखा है वह उन्ही के कारण शहर वासियों को सेवाऐं दे रहा हूँ । कोरोना का टाइम हो या शहर में कोई भी परेषानी रही हो या गरीबो को भोजन वितरण हो मैंने हमेषा सेवा का भाव लेकर तत्पर्ता काम किया है शहर वासियों से मैं निवेदन करता हूँ कि बहुत लम्बे टाइम बाद नेकी की दीवार प्रारंभ हुई है शहर वासी एवं सामाजिक संगठन आगे बढ़कर सहयोग करें । सर्दी का भी मौसम है जिन लोगो को आवष्यकता रहेगी वह लोग नेकी की दीवार से अपनी आवष्यकता पूरी कर सकेंगें शहर वासी धर्म और सेवा का कार्य समझकर आगे बढ़कर सहयोग प्रदान करें।

आज मैं जो भी हूँ मंत्री स्व. श्री लक्ष्मीकांत जी शर्मा के कारण हूँ । भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवी तोषमणी पंथी कन्ना भईया का कहना है है कि सिरोंज मै कोई भी सेवा कार्य हो कोरोना का समय नेकी की दीवार गरीबो के लिए भोजन खेल गतिविधियॉ एवं मैं और मेरा परिवार जो राजनीति में पहुॅचा है वो स्व.श्री लक्ष्मीकांत शर्मा के कारण पहुॅचा है और उन्ही के मार्गदर्षन में मैनें काम किया है और अभी भी मैं विधायक उमांकांत शर्मा के निर्देष पर सेवा कार्य में लगा हुआ हूँ ।

सांसद ने पीएम मोदी को भेजा पत्र

# कैमरून में फंसे धीरज जैन की स्वदेश वापसी की गुहार

**कैमरून में फंसे धीरज जैन के पिता ने की सांसद नवीन जैन से भेंट सांसद नवीन जैन ने कहॉ सभी विभागो के संपर्क में हूं, आईजा ने भी गृहमंत्री से लगाई गुहार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कैमरून के दुआला शहर में नौकरी कर रहे आगरा निवासी धीरज जैन की स्वदेश वापसी की अपील ने गंभीर स्वरूप ले लिया है। कंपनी विवाद के चलते धीरज जैन अपनी पत्नी और 1 वर्षीय पुत्री के साथ भारत लौटने में असमर्थ हैं। इसी संवेदनशील स्थिति को देखते हुए राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक विस्तृत पत्र भेजा है। पत्र भेजने से पूर्व सांसद नवीन जैन की धीरज जैन से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से विस्तृत बातचीत भी हुई, जिसमें धीरज जैन और उनकी धर्मपत्नी ने रोते हुए बताया कि वे पूरी तरह निर्दोष हैं और उनका किसी भी विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी का परमिट समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद उन्हें भारत लौटने की अनुमति नहीं दी जा रही है। दंपति ने अपनी गंभीर आर्थिक स्थिति, लगातार बिगड़ती मानसिक हालत और भोजनदूराशन तक की कमी का भी दर्द व्यक्त किया।

कॉल के दौरान धीरज जैन अत्यंत चिंतित और मनःस्थिति से व्यथित दिखाई दिए, जिसे देखते ही सांसद नवीन जैन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय से सीधे संपर्क साधा और मामले में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया। सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख है कि धीरज जैन पिछले लगभग 12 वर्षों से कैमरून कीं जहनतन ज्तंअमसे कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन हाल ही में उत्पन्न आंतरिक विवाद के कारण कंपनी उनका व परिवार का पासपोर्ट वापस नहीं कर रही है, जिससे वे गंभीर मानसिक तनाव में हैं। धीरज जैन ने अपनी व्यथा बताते हुए एक मार्मिक वीडियो और कई संदेश अपने परिजनों तथा जैन समाज के सदस्यों को भेजे हैं, जो व्यापक रूप से साझा किए जा रहे हैं। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने भी सांसद नवीन जैन से मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। नवीन जैन ने अपने पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वभर में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के कई उदाहरण पूरी दुनिया ने देखे हैं। इसी आशा के साथ उन्होंने अनुरोध किया है कि भारत सरकार, भारतीय दूतावास और कैमरून के स्थानीय प्रशासन के माध्यम से त्वरित कदम उठाए जाएँ, ताकि धीरज जैन व उनका परिवार जल्द से जल्द भारत लौट सके। सांसद ने कहा कि यह मामला पूर्णतः मानवीय आधार पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा करता है, क्योंकि परिवार में एक शिशु भी है और पासपोर्ट न मिलने से उनकी सुरक्षा और भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यदि सरकार शीघ्र पहल करती है तो न केवल एक परेशान परिवार को राहत मिलेगी बल्कि प्रवासी भारतीय समुदाय और जैन समाज में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। सांसद नवीन जैन ने धीरज जैन द्वारा भेजा गया प्रार्थना पत्र भी प्रधानमंत्री कार्यालय को संलग्न कर प्रेषित किया है और भरोसा जताया है कि सरकार इस मामले में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करेगी।

## महापौर के मुख्यातिथ्य में आयोजित हुआ पूर्व विद्यार्थी मिलन सम्मेलन

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में पूर्व विद्यार्थी मिलन सम्मेलन कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी हर संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ियों को दिशा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस प्रकार के आयोजनों को उत्कृष्ट पहल बताया।

## मैरिज गार्डनों की दो दिवस में बकाया राशि जमा नहीं की तो हो जाएगी सील करने की कार्रवाई

### निगमायुक्त ने सख्ती से वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित मैरिज गार्डनों के संचालकों को बार-बार कहने के बाद भी संपत्ति कर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि जमा नहीं की जा रही है। अगर 2 दिवस में राशि जमा नहीं की जाती है तो मैरिज गार्डनों को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की जाए,यह निर्देश शनिवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व



अधिकारी बृजेश तिवारी को दिए।

नगर निगम आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित सभी मैरिज गार्डनों को कई बार समझाइश दिए जाने के बाद भी यदि वे निर्धारित समय सीमा में अपने संपत्तिकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य बकाया राशि जमा नहीं करते हैं, तो ऐसे सभी मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सील करने की कार्रवाई सख्ती से की जाए।आयुक्त ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक मैरिज गार्डन को अंतिम रूप से 2 दिवस का समय प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की राजस्व वृद्धि एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह कदम आवश्यक है। राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि मैरिज गार्डन वर्षों से लंबित कर राशि जमा नहीं करने से निगम को वित्तीय हानि हो रही है।

## बाल मेले का किया आयोजन

**सिरोंज।** बृज मेमोरियल हायर सेकेण्ड्री स्कूल सिरोंज द्वारा आयोजित बाल मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष पं. प्रषांत पालीवाल ने शहर के नागरिकों को निवेदन दिया है कि स्कूल परिसर में आयोजित बाल मेला में छात्रों द्वारा विभिन्न दुकानें एवं प्रदर्शनी लगाई गई है उत्साहवर्धन के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।

## सिंधी समाज की समाजसेविका तारा बाई फब्वानी ने मृत्यु उपरांत आंखें दान की

**सागर।** सिंधी समाज के अनेक समाजसेवी और परिवार समय-समय पर नेत्रदान कर मिसाल पेश करते आ रहे हैं। सागर सिंधी समाज की समाज सेविका ने मृत्यु पूर्व अपने परिवार से कई बार जिक्र कर चुकी थी अगर किसी को दान करना है तो अपने शरीर का अहम हिस्सा जिससे दुनिया देखी जा सके और हमारे शरीर की सबसे कीमती चीज़ अगर कोई है तो वो है आँखें नेत्र दान से बड़ा कोई दान नहीं है यदि हमारी मृत्यु होती है तो यह हमारी अंतिम इच्छा समझ कर हमारा नेत्र दान जरूर करना जिससे दो लोगो की जिंदगी में उजाला कर दे। फब्वानी के निधन पर उनके पुत्र सुनील फब्वानी, अंकित, गौरव फब्वानी, अशोक, मुरली फब्वानी, पंकज, मनीष, नरेंद्र, विनीत, महेंद्र सुरेंद्र व रिश्तेदार के सामने उनकी आंखें बी.एम.सी.डाक्टरों की टीम ने उनके घर आकर अपनी प्रक्रिया पूरी की।

## पीएमश्री कन्या स्कूल में मृदा स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित



**छात्राओं ने सीखे मृदा नमूना संग्रहण के वैज्ञानिक तरीके**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के तहत पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मृदा स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित की गई। छात्राओं ने मिट्टी के नमूने लेने की विधि और मृदा परीक्षण के महत्व की जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जगदीश गुर्जर और कृषि विस्तार अधिकारी विकास शाक्य ने मृदा संग्रहण की वैज्ञानिक प्रक्रिया समझाई। नोडल शिक्षक डॉ. दीपक मेश्राम, संतोष शर्मा सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य संजेश किरार ने मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरूक किया।

## आंगनबाड़ियों में लटका ताला, आदेश की उड़ रहीं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर आज गंभीर लापरवाही देखने को मिली। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इन केंद्रों पर निर्धारित समय पर तालों का लटका होना यह दर्शाता है कि जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने में जिम्मेदार कर्मचारी पूरी तरह उदासीन हैं।

शनिवार सुबह ग्राम पंचायत अम्बार, 9:30 नोलास में सुबह मिनट से 9:56 मिनट तक आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 और 3, वावलिया गांव में 10:30 मिनट तक तथा सियासी केंद्र क्रमांक 2 में भी केंद्र नहीं खोला गया। सभी केंद्रों पर ताले लटके होने से बच्चों और अभिभावकों में रोष देखने को मिला। कलेक्टर का स्पष्ट निर्देश है कि आंगनबाड़ियों में बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन,




प्राथमिक शिक्षा तथा संस्कारमूलक गतिविधियां उपलब्ध कराई जाएं। शासन प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों रुपए आंगनबाड़ी संचालन पर खर्च करता है, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारी और कार्यकर्ता समय पर अपनी जिम्मेदारी निभाने में

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एसआईआर कार्य में लगाया।

असफल नजर आए। परियोजना अधिकारी अरूणकांत प्रजापति ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एसआईआर कार्य में लगाया गया है और सहायिकाओं को केंद्र खोलने के निर्देश दिए गए हैं।


जिन कार्यकर्ताओं की ड्यूटी नहीं थी और फिर भी वे समय से केंद्र नहीं पहुंची हैं, उनके विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे प्रकरण ने व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है कि कलेक्टर के आदेशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है। अब सवाल यह है कि क्या विभाग ऐसी लापरवाही के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

## सियाराम की माता पूजन और शरद शर्मा की भजन संध्या आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्रीराम रस धारा परिवार द्वारा आयोजित किए जा रहे चक्रवर्ती श्रीराम बारात महोत्सव की श्रृंखलाबद्ध आयोजनों ने पूरे नगर का वातावरण रामभक्ति से भर दिया है। 25 नवंबर को निकलने जा रही भव्य और दिव्य श्रीराम बारात के पूर्व कार्यक्रमों के आयोजनों के पहले ही नगर राममय है।

रविवार को विवाह महोत्सव के अंतर्गत सियाराम जी की माता पूजन सुबह 11 बजे शीतला माता मंदिर से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होगी जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। आयोजन समिति ने बताया कि माता पूजन के बाद शाम को महोत्सव के भक्ति वातावरण में गांधी चौक पर शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित की गई है।



कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक शरद शर्मा (सारेगामा फेम) अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ नगर के भजन कलाकार भी प्रस्तुति देकर संध्या को भक्तिरस से सराबोर करेंगे। श्रीराम रसधारा परिवार ने सभी श्रद्धालुओं, सनातन प्रेमियों और नगरवासियों से माता पूजन और भजन संध्या में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम-सीता के इस दिव्य महोत्सव शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## जिला स्तरीय अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 250 बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सागर।** जिला स्तरीय अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आज खेल परिसर मैदान, सागर में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-16 बालिका वर्ग की लगभग 250 खिलाड़ी शामिल हुईं। प्रतियोगिता में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक तथा ट्रायथलॉन एथलेटिक्स का आयोजन में से प्रथम चयनित खिलाड़ी अब नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सागर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता सुशील तिवारी ने खिलाड़ियों को मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन प्रभारी संगीता सिंह भदौरिया (जिला एथलेटिक्स संघ, सागर) रहीं। आयोजन को सफल बनाने में मंगल सिंह यादव, उमेशचंद, मोय भीकम पटेल, मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबू विश्वकर्मा, बद्री प्रसाद सेन, कमलेश करो, नफीस खान, राम सिंह यादव, यशवर्धन सिंह, प्रतिमा राय सहित कई सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## एसआईआर लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के प्रभारियों की बैठक हुई संपन्न

**सागर।** विशेष जांच पुनर्निरीक्षण एस आई आर को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रभारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें अध्यक्ष महेश जाटव ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विषय में पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम पर अपने विचार रखे। अध्यक्ष महेश जाटव ने वार्ड प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति के मतदाताओं को प्रताड़ित करने एवं उनके नाम वोटर लिस्ट से कटने की आशंका है इसलिए हमें अत्यंत सतर्कता रखना आवश्यक है। सभी वार्ड प्रभारी कांग्रेस के बीएलओ को सक्रिय कर अभियान पर नजर रखें । इसमें नेता प्रतिपक्ष नगर निगम बाबू सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

## दर्शनशास्त्र विभाग में 'विश्व दर्शन दिवस' मनाया गया

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में "विश्व दर्शन" दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की थीम "आज डिजिटल युग और आलोचनात्मक, रचनात्मक चिंतन" रही। इस आयोजन की अध्यक्षता डॉ. देवस्मिता चक्रबर्ती ने की। डॉ. अर्चना वर्मा इस कार्यक्रम की समन्वयक रहीं और इस कार्यक्रम में अतिथि विद्वान डॉ. नरेंद्र कुमार बौद्ध शोधार्थी अक्षरा सिंघाई, गौरव कुमार, मयंक विनायक राय एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर डॉ. देवस्मिता चक्रबर्ती ने विश्व दर्शन दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दर्शन सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित न होकर संपूर्ण जीवन से संबंधित है। इसको हम रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई होलकर के जीवन से भरी बातें समझ सकते हैं जो गैर-दार्शनिक होने के बावजूद भी अपनी जीवन को दार्शनिक आधार पर संचालित करती रहीं। इस कार्यक्रम के सत्र का संचालन शोधार्थी विभा पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग ने कैसे हमारी आलोचनात्मक चिंतन को धीरे-धीरे बाधित किया और ऐसी स्थिति में आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने में दर्शन कैसे प्रासंगिक हो सकता है इस पर प्रकाश डाला। डॉ. अर्चना वर्मा ने कहा कि दर्शन परंपरागत रूप से जीवन जीने की शैली रहा है। दर्शन हमें एक सार्थक जीवन जीने का व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में शोधार्थी एवं विविध छात्र और छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जैसे सेकेण्ड ऑर्डर थिंकिंग में हम किसी चीज का प्रभाव हम पर कैसे पड़ता है पर प्रकाश डाला। दर्शन का लक्ष्य स्वयं की खोज करना अहंकार का विनाश करना बताया। आलोचनात्मक चिंतन में कैसे भाषा से संबंधित समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। दर्शन को कैसे विश्वा स्तर तक लेकर जाए पर विचार रखे। अतः दर्शन एक ऐसा विषय है जिसको किसी निश्चित दिन या दायरे में सीमित नहीं किया जा सकता है।



# संयमी साधु असंयमी श्रावकों की बातों में न आएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्टेशन जैन मंदिर में विराजमान संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी के शिष्य एवं आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने प्रातःकालीन प्रवचन सभा में जैन धर्म, इतिहास और साधु परंपरा पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।

प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' के अनुसार प्रतिदिन सुबह 6:15 बजे आचार्य भक्ती से दिनचर्या का शुभारंभ होता है। 6:30 बजे युवाओं हेतु विशेष कक्षा, 7:15 बजे अभिषेक-शांतिधारा, 8:30 बजे संगीतमय पूजन और 8:45 से 9:30 बजे तक मुनि श्री का प्रवचन आयोजित हो रहा है। इसके पश्चात प्रश्नमंच एवं पुरस्कार वितरण, 9:45 बजे आहारचर्या, दोपहर 12 बजे सामायिक, 3 बजे भगवती आराधना, 5:30 बजे आचार्य भक्ती तथा 6 बजे "खजाने के मोती" कक्षा का आयोजन हो रहा है।

मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि जैनत्व के वास्तविक इतिहास का बोध आवश्यक है, क्योंकि मजबूत जड़ें ही धर्म के प्रति अटूट निष्ठा प्रदान करती हैं। उन्होंने



आचार्य भद्रबाहु से लेकर परंपराचार्यों का विस्तृत उल्लेख करते हुए दिगंबर साधु परंपरा को पुनर्जीवित करने वाले आचार्य शांतिसागर जी और आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी को स्मरण किया। संस्मरण सुनाते हुए उन्होंने बताया कि आपातकाल के दौरान आचार्य विद्यासागर जी का चातुर्मास फिरोजाबाद में अनायास ही हुआ, जिसने अनेक अतिशयकारी घटनाओं को जन्म दिया। उन्होंने वर्ष 2000 के अमरकंटक चातुर्मास का भी उल्लेख किया, जब राजस्थान में भीषण अकाल की सूचना पर आचार्य गुरुदेव ने पूरे देश को दया, करुणा का संदेश देते हुए विशेष ट्रेनों और ट्रकों से पशु आहार भेजवाया तथा स्वयं पेंड्रा रोड स्टेशन जाकर गायों को आश्रय प्रदान किया। उन्होंने कहा साधु का आचरण संयम का प्रतीक है, उसे असंयमी श्रावकों की बातों में नहीं आना चाहिए।

## भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी टेनिस-बॉल क्रिकेट प्रतियोगिया 2025-26 का आयोजन

**सागर।** खुरई विधानसभा क्षेत्र के युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों के लिए भूपेन्द्र भैया फेंस क्लब के तत्वावधान में होने वाली भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी टेनिस-बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-2026 के आयोजन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इस वर्ष इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 दिसंबर को होगा और समापन दिवस 25 जनवरी को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम एक लाख रुपए नगद की हकदार होगी। भूपेन्द्र भैया फेंस क्लब के प्रतिनिधि अंशुल नामदेव ने बताया कि क्षेत्र के चार प्रमुख मैदानों पर क्रिकेट खेली जाएगी। इनमें स्टेडियम एवं किला मैदान खुरई, एमसीसी मैदान मालथौन, स्टेडियम परिसर बरोदियाकलां तथा स्टेडियम परिसर बांदरी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 1 लाख 93 हजार रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार विजेता टीमों को दिए जाएंगे।

### सांची बीएमओ ने की स्टाफ की मांग, विभाग को लिखा पत्र

# स्टाफ की कमी से जूझ रहे आरोग्यम केंद्र, मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में करोड़ों रुपए खर्च कर आयुष्मान आरोग्यम केंद्र खोले गए हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन भी बना दिए गए हैं। लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि केंद्र स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। इसलिए ज्यादातर आरोग्यम केंद्रों के गेट पर ताले लटके हुए हैं। मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें मजबूरन बाहर इलाज कराने के लिए जाना पड़ता है।

आरोग्यम केंद्रों में अक्सर देखा गया है कि यहां पर डॉक्टरों एवं स्वास्थ कर्मियों का टोटा बना हुआ है। हालांकि हाल ही में बाउंड पर मिले चिकित्सकों से यह कमी पूरी की गई है। सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने बताया कि डॉक्टरों की डिमांड लगातार की जा रही है। भोपाल से चिकित्सक भेजे भी जा रहे हैं।

तहसील रायसेन क्षेत्र के गांवों हमेशा ही स्वास्थ्य सेवाओं से महरूम रहे हैं। उपेक्षा का शिकार होते रहे गांवों के लोगों को सरकार ने चार नए अस्पताल दिए हैं।, जिसमें कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सीएससी में परिवर्तित किया है। खरबई में सीएचसी का भवन 5 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार है। शीघ्र ही 30 बिस्तर के अस्पताल में डॉक्टर व स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। अन्य जगहों पर भी छह-छह बिस्तर के अस्पताल खुलेंगे। खरबई डिलेवरी प्वाइंट से अधिक गांवों को नजदीकी क्षेत्र में सुविधा मिलेगी।

**फैक्ट फाइल**

- 5.49 करोड़ की सीएससी।
- 2.95 करोड़ की पीएससी।
- 190 उप स्वास्थ्य केंद्र।
- 21 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।
- 6 सामुदायिक अस्पताल।
- 01 जिला अस्पताल।
- 07 सिविल अस्पताल।

**करोड़ों की लागत से बने सांची ब्लॉक में 37 आरोग्यम केंद्र बन कर रह गए शोपीस**

**जिले के 150 गांवों को मिलेगा फायदा, आठ नए पीएचसी-सीएचसी हुए तैयार**




#### उप-स्वास्थ्य केंद्र में लटका रहता है ताला

*विकासखंड सांची के रतनपुर गिरधारी सांचेत, हिनोतिया महलपुर हकीमखेड़ी, कोटरा गांव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने उप स्वास्थ्य केंद्र आरोग्यम केंद्र तो खोले हैं। लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। लोगों को इलाज के लिए निजी डॉक्टर या जिला अस्पताल जाना पड़ता है। नकतरा डिलीवरी प्वाइंट उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें सभी जगह पर सीएचओ और एएनएम तैनात कर दिए गए हैं। लेकिन केंद्रों में अक्सर ताला लगा दिखाई देता है, या फिर स्टाफ जल्द स्वास्थ्य केंद्र पर बंद कर निकल जाते हैं।*

जिले के शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्यम केंद्रों को खोला गया है। ताकि ग्रामीण इलाकों गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। इन आरोग्यम केंद्रों पर 1 डॉक्टर, 3 नर्सें, 1 कंपाउंडर, 1 भृत्य की नियुक्ति होना है। बीएमओ ने बताया कि डिमांड पत्र स्वास्थ्य संचानालय भोपाल भेजा है। जल्द ही स्टाफ की कमी दूर होगी।

#### मजबूरी में ग्रामीण प्राइवेट डॉक्टरों से करा रहे इलाज

ग्रामीणों ने बताया कि सीएचओ व कर्मचारी केंद्र पर न रहने से समस्या बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को इलाज कराने के लिए या फिर झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेनी पड़ती है। वहीं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कराने में समस्या आती है और छोटी-मोटी बीमारियों को ग्रामीणों को दवा तक उपलब्ध नहीं हो पाती। यही हाल नरवर के उप स्वास्थ्य केंद्र का है। यहां ग्रामीणों ने बताया सीएचओ मनमर्जी अनुसार आते हैं, कभी एक घंटे तो कभी दो घंटे रुकने के बाद चले जाते हैं। कभी-कभी तो स्वास्थ्य केंद्र खुलता ही नहीं है। बाकी दिनों में केंद्र पर ताला दिखाई देता है। अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी सिर्फ टीकाकरण करने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचती हैं। जिससे गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तो हो जाते हैं। लेकिन बाकी के दिनों में इलाज नहीं मिल पाता है।

**इनका कहना है**

ग्रामीण इलाकों में 8 नए अस्पताल जल्द चालू होंगे। तैयार अस्पताल भवनों को अभी हैंडओवर नहीं लिया है। अप्रैल 2026 तक सभी अस्पताल चालू होंगे।
**- डॉ रवि राठौर,** बीएमओ सांची

### पुलिस ने मामूली धाराओं के तहत किया प्रकरण दर्ज

# पड़ोसियों ने पिता-पुत्र पर मिलकर किया जानलेवा हमला, दोनों गंभीर घायल

**खुलेआम घूम रहे जानलेवा हमले के आरोपी, पुलिस ने सिर्फ मामला दर्ज कर की खानापूर्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड 18 संजय नगर में एक मामूली विवाद को लेकर लगभग 4-5 लोगों द्वारा हथियारों से लैस होकर पड़ोसियों ने घर में घुस कर पिता व पुत्र पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जो जिला अस्पताल रायसेन में भर्ती हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम को वार्ड 18 में निवासरत 65 वर्षीय बाबूलाल पिता हरप्रसाद अहिरवार, 26 वर्षीय संतोष अहिरवार पिता बाबूलाल पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया।



#### यह है मामला

फरियादी ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले विशाल अहिरवार नाम युवक हमारे घर के आंगन में आकर तेज आवाज में गाने बजा रहा था, जिसका हमने विरोध किया। इसी बात से पड़ोसी गुस्सा होकर निकल गया। कुछ समय पश्चात वह अपने परिजनों के साथ हथियार लेकर हम पर हमला कर दिया। जिसमें मैं और मेरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी गोवर्धन अहिरवार, सचिन अहिरवार, उत्तम अहिरवार के खिलाफ मामूली धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**इनका कहना है**

मामला दर्ज कर लिया गया है। डॉक्टर की रिपोर्ट आने के बाद प्रकरण में अन्य धाराओं की बढ़ोत्तरी की जाएगी।
**- नरेंद्र गोयल,** टीआई, कोतवाली थाना रायसेन।

#### पीड़ित परिजन दहशत में

*घटना में घायल बाबूलाल अहिरवार के सिर में तलवारों के हमले से 17 टांके आए है। वहीं उनके बेटे संतोष अहिरवार के सिर में गंभीर चोट लगने से 18 टांके आए हैं। दोनों घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं। आरोपियों के हौसले बुलंद है। वह फरियादियों को अब भी जान से खत्म करने की धमकी दे रहे हैं।*

### अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन अब 8 दिसंबर से

**रायसेन।** प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाते हुए निर्णय लिया है।

### इंटर स्टेट चौलेंजर्स चौंपियनशिप भोपाल में

**रायसेन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से भोपाल में 26 से 30 नवंबर तक दो बड़े राष्ट्रीय रोइंग इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं। होने वाले आयोजनों में 8वीं इंटर स्टेट चौलेंजर्स चौंपियनशिप और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप शामिल हैं।

# कल्पद्रुम महामंडल विधान पूर्व घट यात्रा हुई आयोजित

### सिलवानी में उमड़ा धार्मिक उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के दिगंबर जैन त्रिमूर्ति जिनालय परिसर में आयोजित होने वाले कल्पद्रुम महामंडल विधान की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। रविवार से प्रारंभ होने वाले इस विशाल आध्यात्मिक उत्सव के पूर्व, पारसनाथ दिगंबर जैन समाज द्वारा शनिवार को नगर में अत्यंत भव्य एवं अनुशासित घट यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा ने संपूर्ण नगर को भक्तिमय माहौल से भर दिया।

घट यात्रा का प्रारंभ प्रातःकाल पारसनाथ जिनालय से मंगल ध्वनियों, स्तुतियों के साथ हुआ। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण किए शांत, सौम्य और आस्था से ओतप्रोत भाव के साथ आगे बढ़ रही थीं।



वहीं पुरुष वर्ग अपने कंधों पर भगवान श्रीजी की दिव्य प्रतिमाएँ लेकर धीमे - धीमे कदमों से जयकारा लगाते हुए चल रहा था। संपूर्ण वातावरण श्रीजी के उद्घोष से गुंजायमान था।

यात्रा मार्ग को जगह-जगह समाजजनों ने पुष्पों से सजाया था। कई स्थानों पर घर-घर के बाहर महिलाएँ थाल में दीप जलाकर आरती करती हुई दिखाई दीं, जिससे यात्रा का आध्यात्मिक प्रभाव और भी गहरा हो गया।

# मंडीदीप में हुए पेशाब कांड के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के थाना मंडीदीप के तहत मंडीदीप में दो दिन पहले हुए पेशाब कांड के बारे में जानकारी देते हुए एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि इस घटना में पुलिस द्वारा दो आरोपियों राजकुमार लवंशी, गोविंद लवंशी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

घटनाक्रम की जानकारी देते हुए एसडीओपी ने बताया कि गत दिवस दोनों आरोपियों के साथ फरियादी ने धान बेचने के बाद साथ में शराब का सेवन किया। कुछ समय बाद तीनों में जमकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान आपस में मारपीट हुई। आरोपियों द्वारा फरियादी को शराब के नशे में डिस्पोजल में पेशाब पिलाकर यह घटना घटित की।



इस पेशाब कांड की घटना को लेकर काफी हंगामा खड़ा हो गया था। एसडीओपी शीला सुराणा ने इस मामले में कड़ा एक्शन लेते हुए आरोपियों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

# एसआईआर संबंधी सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए कांटेक्ट सेंटर संचालित

**रायसेन।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शिकायत एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान करने अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज उपाध्याय के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर स्थापित किया है, जिसका सम्पर्क नम्बर 1950 है। कॉन्टेक्ट सेन्टर का प्रभारी नोडल अधिकारी आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक चन्द्रप्रकाश सोनी को नियुक्त किया है। साथ ही सहयोग के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई है। आदेश के तहत कॉन्टेक्ट सेन्टर में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आरके श्रीवास्तव श्रम निरीक्षक रायसेन, राकेश खंडारे जिला कोषालय तथा कमल जाटव कार्यालय जिला अत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित रायसेन की ड्यूटी लगाई है।

### भावांतर में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4285 रुपए

**रायसेन।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए से बढ़कर 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

# टैंकर व ट्रैक्टर की भिड़ंत, दूसरे हादसे में ट्रक की स्टेरिंग फेल होने से खाई में जाने से बचा

**पेट्रोल से भरे टैंकर में पीछे से जा घुसे ट्रैक्टर-ट्राली, हादसे से ओवर ब्रिज पर बने जाम के हालात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे 18 के सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज पर देर रात एक टैंकर और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ गया। क्योंकि टैंकर में पेट्रोल भरा हुआ था। हालांकि टैंकर पीछे से क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला।

जानकारी के अनुसार एक पेट्रोल से भरा हुआ टैंकर एमपी 09 जेडएक्स 1755 भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर जा रहा था। रेलवे ओवरब्रिज पर पीछे से एक ट्रैक्टर ट्राली टैंकर में घुस गई। दुर्घटना के बाद ब्रिज पर जाम के हालात बनने लगे थे। पुलिस के पहुंचने के बाद यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका।



गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दबाब रहता है, जिसकी वजह से हाइवे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। एमपीआरडीसी विभाग को इस और ध्यान देते हुए सुरक्षा के माकूल इंतज़ाम करना चाहिए।

#### हाईवे-18 पर एक ट्रक सड़क से नीचे उतरा, दूसरे के ब्रेक हुए फेल

**दीवानगंज।** शुक्रवार सुबह 7 के लगभग भोपाल से विदिशा की तरफ जा रहा ट्रक के ड्राइवर को नींद का झपका आ जाने से ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। गनीमत रही कि ड्रायवर ने तुरंत ट्रक को नियंत्रित कर लिया, अन्यथा ट्रक फैक्ट्री चौराहे पर स्थित घरों को अपनी चपेट में ले लेता। वहीं दूसरी दुर्घटना प्लाईवुड फैक्ट्री दीवानगंज पर हुई। भोपाल से विदिशा की तरफ जा रहा ट्रक रॉन्ग साइड जाते हुए खाई में जाने से बाल बाल बच गया। ट्रक ड्राइवर ने बताया की ट्रक का स्टेरिंग फेल हो गया था, जिससे ट्रक का नियंत्रित होते हुए गलत साइड में चला गया। दोनों ही दुर्घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई।

# भगवान से भगवान को मांगो, जब भगवान मिल जाएंगे, तो कुछ कमी नहीं रहेगी: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर स्थित माँ विजयासन मंदिर में जारी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को कथा व्यास पंडित अभिषेक शास्त्री ने भक्तों का हृदय स्पर्श करने वाला प्रेरक प्रवचन दिया। कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा और उपस्थित श्रद्धालु भक्ति, ज्ञान और भावनाओं में डूब गए।

कथा वाचक पंडित अभिषेक शास्त्री ने कहा कि मनुष्य जब मंदिर जाता है या पूजा करता है, तो उसका उद्देश्य अक्सर भौतिक सुख'संपत्ति प्राप्त करना होता है। उन्होंने कहा हम जीवन भर भगवान से धन, समृद्धि, ऐश्वर्य, व्यवसाय, मान- सम्मान माँगते रहते हैं, परंतु भगवान से स्वयं भगवान को मांगना कोई नहीं सीखता।



शास्त्रीजी ने महाभारत से माता कुंती का उदाहरण देते हुए कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने वर मांगने को कहा, तो माता कुंती ने न धन मांगा, न वैभव। उन्होंने कहा हे कृष्ण- मुझे विपत्तियाँ ही मिलती रहें, क्योंकि विपत्ति में ही तुम मेरे सबसे निकट रहते हो।

उन्होंने समझाया कि विपत्ति में भगवान मनुष्य के मन, बुद्धि और भाव के सबसे पास होते हैं और यही श्रीमद् भागवत की प्रमुख शिक्षा है, भगवान से भगवान को मांगो। जब भगवान आपके हो जाएंगे, तब जीवन में कुछ भी कमी नहीं रहेगी।

# क्षेत्र में लगातार पराली में लगाई जा रही आग, धुएं से रहवासी परेशान

### पराली को आग के हवाले करने में जुटे किसान, कार्रवाई का नहीं डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

अक्टूबर के महीने में धान की कटाई और गेहूं की बुवाई शुरू हो जाती है। इस दौरान किसानों को पराली की समस्या से जूझना पड़ता है। अधिकांश किसान पराली को जला देते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है। हालांकि, पराली से छुटकारा पाने के लिए कुछ ऐसे यंत्र हैं, जिनकी मदद से पराली का प्रबंधन किया जा सकता है। इसके बावजूद भी क्षेत्र में लगातार पराली जलाने का सिलसिला बरकरार है। रोज क्षेत्र कहीं ना कहीं पराली जल रही है।

क्षेत्र में इन दिनों लगातार पराली जलाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। किसानों द्वारा खेतों में पराली को आग लगाने से चारों तरफ धुआँ फैल रहा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है और आमजन को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना शाम के समय कई जगहों पर पराली जलती दिखाई देती है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नज़र नहीं आ रही है। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए बताया कि धुएँ के कारण बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है।

गौरतलब है कि पराली जलाना कानूनन प्रतिबंधित है और इसके लिए दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद यह समस्या बरकरार है। क्षेत्रवासियों ने कार्रवाई की मांग की है।

### वियतनाम, म्यांमार और श्रीलंका सहित 150 देशों से पहुंचेंगे विद्वान

# सांची बौद्ध यूनिवर्सिटी में इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन आज से हो रहा आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में आज रविवार से तीन दिवसीय इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन आरंभ हो रहा है। सम्मेलन में वियतनाम, म्यांमार और श्रीलंका सहित देश-विदेश के 150 से अधिक प्रतिष्ठित बौद्ध विद्वान पहुंचे हैं जो बौद्ध दर्शन, संस्कृति और इतिहास पर विचार साझा करेंगे।

इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज की स्थापना सन 2000 में बौद्ध धर्म-दर्शन-संस्कृति और पुरातत्व से जुड़े उदीयमान विद्वानों को एक संयुक्त मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। जिसका लक्ष्य था कि विभिन्न विधाओं में काम करने वाले विद्वान मिलें, साथ बैठें, अपने शोध को साझा करें और एक दूसरे से सीखें। इसी कड़ी में अपने रजत जयंती वर्ष में संस्था का वार्षिक सम्मेलन साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में हो रहा है।



सम्मेलन के दौरान उद्घाटन व समापन सत्र के अतिरिक्त चार समानांतर सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बौद्ध दर्शन, इतिहास, साहित्य, और समकालीन बौद्ध विमर्श पर शोध प्रस्तुत किए जाएंगे।

बौद्ध विरासत कला एवं पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध मध्य प्रदेश में शोध कार्य की अपार संभावनाएं हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए आईएसबीएस में बौद्ध कला एवं स्थापत्य पर विशेष सत्र रखा गया है जिसमें इन पक्षों पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा।

सम्मेलन में बौद्ध एवं भारतीय अध्ययन के मूर्धन्य विद्वान प्रो. जीसी पाण्डे पर भी विशेष सत्र होगा। प्रो पाण्डे के लेखन, कार्यों और दृष्टिकोण पर चर्चा होगी जिसमें उनकी बेटी और मशहूर इतिहासविद प्रो सुष्मिता पाण्डे अपने विचार रखेंगी। साँची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वैद्यनाथ लाभ के बौद्ध एवं सनातन संस्कृति के प्रति अवदानों पर आधारित अभिनंदन ग्रंथ का भी विमोचन समारोह के दौरान करेंगे।

भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों जैसे नव नालंदा महाविहार, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, कोलकाता विश्वविद्यालय, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, सागर विश्वविद्यालय सहित अनेक संस्थानों के प्रोफेसर और शोधार्थी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और पंजाब समेत -कोलकाता, पुणे, नागपुर, चेन्नई, लखनऊ, पटना और बनारस से भी प्रतिनिधि पधार रहे हैं।